Increased use of electronic technology in health services

एनुअल इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस का आयोजन

इलेक्ट्रॉनिक तकनीक का स्वास्थ्य सेवाओं में बढ़ा उपयोग

पत्रिका PLUS रिपोर्टर

जयपुर ◆ इलेक्ट्रॉनिक तकनीक का स्वास्थ्य सेवाओं में उपयोग विज्ञान का महत्वपूर्ण योगदान है। डिजिटल हेल्थ स्वास्थ्य सेवा की गुणवत्ता वृद्धि एवं लागत में कमी के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। यह कहना है, राज्यपाल कलराज मिश्र का। वे आइआइएचएमआर यूनिवर्सिटी की ओर से आयोजित एनुअल इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस 'प्रदन्या 2021' में बोल रहे थे। यह कॉन्फ्रेंस 'डिजिटल हेल्थ, सस्टेनेबल डवलपमेंट एंड वेल्बीइंग' विषय पर आयोजित हुई। मिश्र ने कहा कि डिजिटल हेल्थ के अनुप्रयोग से संयुक्त राष्ट्र की ओर से निर्धारित समग्र विकास के लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सकता है। विश्वविद्यालय के अध्यक्ष एवं पब्लिक हेल्थ के विद्वान डॉ. एस डी गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि भारतीय विज्ञान संस्थान के पूर्व निदेशक प्रो. जीपी पद्मनाभन, डॉ. चंद्रकांत एस पांडव ने संबोधित किया।